☎ STD 05278 V.C. 246223, 246330 (O)
05278 V.C. 246224, 245209 (R)
Fax V.C. 246330(O), 245209(R)
Registrar- 245957(O), 246042(R)
F.O.- 246386(O)

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)
DR. RAMMANOHAR LOHIA AVADHUNIVERSITY, AYODHYA (U.P.)

## हिन्दुस्तान समाचार, अयोध्या

दिनांक: 11 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्या: 04

# मानव मूल्यों को देना होगा महत्व

अयोध्या | हिन्दुस्तान संवाद

## अवध विश्वविद्यालय

- अंग्रेजी विभाग के प्रथम बैच का हुआ विदाई समारोह
- विद्यार्थियों की विभिन्न प्रस्तुतियों ने अतिथियों का मन मोहा

डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रचेता भवन स्थित अंग्रेजी विभाग में वर्ष-2018 के प्रथम बैच का विदाई समारोह एवं नए बैच 2020-21 के नवागत छात्रों का वेलकम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवि के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने कहा कि अपने जीवन के प्रत्येक अनुभव से अच्छाई ग्रहण करनी चाहिए। इसके लिए मानव-मूल्यों को सदा महत्व देना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता अर्जित करने की प्रेरणा प्रदान की। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि अनुभव जीवन में सफलता दिलाते हैं। खट्टे-मिठे अनुभव के साथ सोचने और समझने की क्षमता भी अनुभव के साथ ही विकसित होती है। अंग्रेजी विभाग के समन्वयक डॉ. प्रदीप खरे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को अंग्रेजी साहित्य एवं भाषा में सफलता के सुझाव दिए।

विभाग के विद्यार्थियों ने गीत एवं काव्य-पाठ प्रस्तुत किया। एमए तृतीय सेमेस्टर की पूजा दूबे के गीत एवं नेहा मिश्रा के काव्य-पाठ को सराहा गया। एमए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की ओर से प्रस्तुत कोरोना महामारी पर आधारित अंग्रेजी नाटक ने लोगों का दिल जीत लिया। एमए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने विभाग में अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन तृतीय सेमेस्टर की शाजिया एवं प्रथम सेमेस्टर की प्रतिभा मिश्रा ने किया। डॉ. निहारिका सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। तृतीय सेमेस्टर के अभिषेक दुबे ने कार्यक्रम का संयोजन किया।

इस दौरान डॉ. सुरेन्द्र मिश्र, डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ. असीम त्रिपाठी, डॉ. मीनू दूबे, डॉ. नीता पाण्डेय, डॉ. जन्मेजय तिवारी, डॉ. निखिल उपाध्याय व शंशाक मिश्र मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान समाचार, अयोध्या

दिनांक: 11 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्या: 04

# बैक पेपर परीक्षा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर शुरू

**अयोध्या।** अवध विवि प्रशासन ने कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह के निर्देश पर स्नातक एंव परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों की बैक पेपर परीक्षा-2020 शनिवार को विभिन्न जिलों के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर शुरू हुई। परीक्षा दो पाली में नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक और द्वितीय पाली में अपरान्ह दो बजे से शाम पांच बजे तक परीक्षा हो रही है।

अवध विवि के मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के हवाले से बताया कि परीक्षा की शुचिता के लिए विवि की ओर से तीन सचल दल गठित किया गया है। उन्होंने बताया कि बैक पेपर परीक्षा कुल 21 केन्द्रों पर हो रही है। इसमें अयोध्या के तीन, अम्बेडकर नगर के पांच, गोण्डा के दो, बलरामपुर के एक, बहराइच एक, बाराबंकी दो, सुल्तानपुर पांच, अमेठी एक और प्रतापगढ के एक महाविद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाया गया। परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी कैमरे द्वारा की जा रही है। इस परीक्षा में 20 हजार परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे है।

# हिन्दुस्तान समाचार, अयोध्या

दिनांकः 11 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्याः 03


## अवध विवि में टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण 15 जनवरी से शुरू

**अयोध्या।** अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह के निर्देश पर टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण के कार्यक्रम 15 जनवरी से विवि के संत कबीर सभागार में शुरू होगा। अवध विवि एवं नगर निगम के बीच हुए अनुबंध पर टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। इसमें टूरिस्ट गाइडों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

अवध विवि के व्यवसाय प्रबंध व उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार शुक्ल ने बताया कि विवि व नगर निगम अयोध्या के बीच पिछले वर्ष अनुबंध हुआ था। उसी के तहत टूरिस्ट गाइडों को प्रशिक्षण दिया जाना है। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अनुज कुमार झा होंगे। विशिष्ट अतिथि नगर आयुक्त विशाल

अमर उजाला माईसिटी, अयोध्या

दिनांक: 11 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्या: 03

# विश्वविद्यालय में टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण 15 से

अयोध्या। अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह के निर्देश पर टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण के कार्यक्रम का शुभारंभ 15 जनवरी से विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में होगा। अवध विश्वविद्यालय एवं नगर निगम, अयोध्या के बीच हुए अनुबंध के तहत टूरिस्ट गाइडों को प्रशिक्षण दिया जाना है।

विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार शुक्ल ने बताया कि विश्वविद्यालय एवं नगर निगम, अयोध्या के बीच गत वर्ष अनुबन्ध हुआ था। उसी क्रम में टूरिस्ट गाइडों को प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण कार्य 15 जनवरी से प्रारंभ किया जा रहा है। बताया कि इसके लिए 246 लोगों ने आवेदन किया था, जिसमें 106 चयनित हुए थे। 50 लोगों को पहले बैच में प्रशिक्षित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण एक माह तक चलेगा। बताया कि उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि अयोध्या जिलाधिकारी अनुज झा रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर आयुक्त विशाल सिंह एवं क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरएस यादव उपस्थित रहेंगे। बताया कि प्रदेश के विशेषज्ञों द्वारा अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत अभ्यर्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित होगा। परिचय-पत्र नगर निगम अयोध्या द्वारा प्रदान किया जाएगा। संवाद

**प्रशिक्षण के लिए विवि और नगरनिगम अयोध्या के बीच हुआ था अनुबंध**

# विश्वविद्यालय में टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण 15 जनवरी, 2021 से

## – विश्वविद्यालय एवं नगर निगम अयोध्या के बीच हुए अनुबन्ध पर होगा टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण

अश्वनी पांडेय

जनाभास,अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के निर्देश पर टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण के कार्यक्रम का शुभारम्भ दिनांक 15 जनवरी, 2021 से विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में होगा। अवध विश्वविद्यालय एवं नगर निगम, अयोध्या के बीच हुए अनुबन्ध पर टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम होना है जिसमें टूरिस्ट गाइडों को प्रशिक्षण दिया जाना है। विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबन्ध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो0 अशोक कुमार शुक्ल ने बताया कि विश्वविद्यालय एवं नगर निगम, अयोध्या के बीच गत वर्ष अनुबन्ध हुआ था उसी क्रम में टूरिस्ट गाइडों को प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण कार्य 15 जनवरी, 2021 से प्रारम्भ किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि अयोध्या जिलाधिकारी अनुज झा रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर आयुक्त, अयोध्या के विशाल सिंह एवं क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, अयोध्या आर0एस0 यादव उपस्थित रहेंगे। प्रो0 शुक्ल ने बताया कि कुलपति प्रो0 सिंह के दिशा–निर्देशन में टूरिस्ट गाइडों को प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण प्रदेश के विशेषज्ञों द्वारा अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। प्रशिक्षण के उपरांत अभ्यर्थियों को प्रमाण–पत्र वितरित होगा। परिचय–पत्र नगर निगम अयोध्या द्वारा प्रदान किया जायेगा।

ग्राम्यवार्ता, लखनऊ

दिनांक: 11 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्या: 05

क्विक न्यूज

# विश्वविद्यालय में टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण 15 से

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह के निर्देश पर टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण के कार्यक्रम का शुभारम्भ दिनांक 15 जनवरी, 2021 से विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में होगा। अवध विश्वविद्यालय एवं नगर निगम, अयोध्या के बीच हुए अनुबन्ध पर टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम होना है जिसमें टूरिस्ट गाइडों को प्रशिक्षण दिया जाना है। विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबन्ध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार शुक्ल ने बताया कि विश्वविद्यालय एवं नगर निगम, अयोध्या के बीच गत वर्ष अनुबन्ध हुआ था उसी क्रम में टूरिस्ट गाइडों को प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण कार्य 15 जनवरी, 2021 से प्रारम्भ किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि अयोध्या जिलाधिकारी अनुज झा रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर आयुक्त, अयोध्या के विशाल सिंह एवं क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, अयोध्या आर0एस0 यादव उपस्थित रहेंगे। प्रो. शुक्ल ने बताया कि कुलपति प्रो. सिंह के दिशा–निर्देशन में टूरिस्ट गाइडों को प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण प्रदेश के विशेषज्ञों द्वारा अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। प्रशिक्षण के उपरांत अभ्यर्थियों को प्रमाण–पत्र वितरित होगा। परिचय–पत्र नगर निगम अयोध्या द्वारा प्रदान किया जायेगा।

स्वतंत्र भारत, अयोध्या

दिनांक: 11 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्या: 08

# अवध विश्वविद्यालय, नगर निगम देगा टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण

**अयोध्या (ब्यूरो)।** डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० रविशंकर सिंह के निर्देश पर टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण के कार्यक्रम का शुभारम्भ दिनांक 15 जनवरी, 2021 से विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में होगा। अवध विश्वविद्यालय एवं नगर निगम, अयोध्या के बीच हुए अनुबन्ध पर टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम होना है जिसमें टूरिस्ट गाइडों को प्रशिक्षण दिया जाना है। विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबन्ध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो० अशोक कुमार शुक्ल ने बताया कि विश्वविद्यालय एवं नगर निगम, अयोध्या के बीच गत वर्ष अनुबन्ध हुआ था उसी क्रम में टूरिस्ट गाइडों को प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण कार्य 15 जनवरी, 2021 से प्रारम्भ किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि अयोध्या जिलाधिकारी अनुज झा रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर आयुक्त, अयोध्या के विशाल सिंह एवं क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, अयोध्या आर०एस० यादव उपस्थित रहेंगे। प्रो० शुक्ल ने बताया कि कुलपति प्रो० सिंह के दिशा-निर्देशन में टूरिस्ट गाइडों को प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण प्रदेश के विशेषज्ञों द्वारा अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। प्रशिक्षण के उपरांत अभ्यर्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित होगा। परिचय-पत्र नगर निगम अयोध्या द्वारा प्रदान किया जायेगा।

## टांडा नगर में साप्ताहिक बंदी पर प्रशासन का रुख कड़ा

**टांडा (सं.)।** टांडा नगर में जिला अधिकारी के निर्देश में साप्ताहिक बंदी चिटपुट दुकानों को छोड़ संपूर्ण दुकानें बंद रही टांडा नगर के चौक जुबेर चौराहा छोटी बाजार शक रावल छजजापुर अलीगंज में दुकाने बंद रहीं। नगर में मेडिकल व क्लीनिक को छोड़कर संपूर्ण दुकाने बंद रहे जबकि बंद करने के लिए प्रशासन ने 1 दिन पहले ध्वनि विस्तारक यंत्र से एलान भी नगर में कराया गया था।

शांतिमोर्चा, अयोध्या

दिनांक: 11 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्या: 08

# अवध विवि में टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण 15 से

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के निर्देश पर टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण के कार्यक्रम का शुभारम्भ 15 जनवरी, 2021 से विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में होगा। अवध विश्वविद्यालय एवं नगर निगम, अयोध्या के बीच हुए अनुबन्ध पर टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम होना है जिसमें टूरिस्ट गाइडों को प्रशिक्षण दिया जाना है। विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबन्ध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो0 अशोक कुमार शुक्ल ने बताया कि विश्वविद्यालय एवं नगर निगम, अयोध्या के बीच गत वर्ष अनुबन्ध हुआ था ।

तरूण प्रवाह, लखनऊ

दिनांकः 11 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्याः 03

# विश्वविद्यालय में टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण १५ जनवरी, २०२१ से

रिपोर्ट सर्वेश श्रीवास्तव

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के निर्देश पर टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण के कार्यक्रम का शुभारम्भ दिनांक 15 जनवरी, 2021 से विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में होगा। अवध विश्वविद्यालय एवं नगर निगम, अयोध्या के बीच हुए अनुबन्ध पर टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम होना है जिसमें टूरिस्ट गाइडों को प्रशिक्षण दिया जाना है। विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबन्ध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो0 अशोक कुमार शुक्ल ने बताया कि विश्वविद्यालय एवं नगर निगम, अयोध्या के बीच गत वर्ष अनुबन्ध हुआ था उसी



क्रम में टूरिस्ट गाइडों को प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण कार्य 15 जनवरी, 2021 से प्रारम्भ किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि अयोध्या जिलाधिकारी अनुज झा रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर आयुक्त, अयोध्या के विशाल सिंह एवं क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी, अयोध्या आर0एस0 यादव उपस्थित रहेंगे। प्रो0 शुक्ल ने बताया कि कुलपति प्रो0 सिंह के दिशा–निर्देशन में टूरिस्ट गाइडों को प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण प्रदेश के विशेषज्ञों द्वारा अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। प्रशिक्षण के उपरांत अभ्यर्थियों को प्रमाण–पत्र वितरित होगा। परिचय–पत्र नगर निगम अयोध्या द्वारा प्रदान किया जायेगा।

त्रिगुट समाचार, गोण्डा

दिनांक: 10 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्या: 02

# परिसर के प्रचेता स्थित मैदान में चला स्वैच्छिक श्रमदान

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में स्वैच्छिक श्रमदान एवं साफ-सफाई अभियान के क्रम में आज 09 जनवरी, 2021 को प्रातः 8 बजे परिसर के प्रचेता भवन स्थित मैदान में वृहद स्वैच्छिक श्रमदान एवं साफ-सफाई किया गया। इस अभियान का नेतृत्व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने दोनों परिसरों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ श्रमदान कर साफ-सफाई की। स्वैच्छिक श्रमदान अभियान विश्वविद्यालय परिसर में गत अक्टूबर माह से प्रत्येक शनिवार को सुबह चलाया जा रहा है जिसमें परिसर के अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा परिसर की साफ-सफाई की विशेष मुहिम चलाई जा रही है। परिसर को ग्रीन एवं क्लीन बनाये रखने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन प्रतिबद्ध है।

प्रत्येक शनिवार को शुरू किए गए स्वैच्छिक अभियान के लिए कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता सामाजिक जीवन की एक अनिवार्य दिनचर्या है इससे व्यक्ति स्वस्थ्य रहकर समाज को एक सकारात्मक संदेश देता है। भारतीय जीवन शैली में स्वच्छता को प्रमुखता के साथ आत्मसात् किया गया है। कोविड-19 का संक्रमण भारत देश में अन्य देशों की अपेक्षा कम हुआ है। इसका प्रमुख कारण हमारी जीवन शैली रहन-सहन एवं व्यक्तिगत स्वच्छता माना जा सकता है। भारत का ग्रामीण अंचल इसका प्रमुख उदाहरण है। कुलपति प्रो0 सिंह ने कहा कि स्वच्छता का सकारात्मक असर हमारें स्वस्थ्य परिवेश के निर्माण से जुड़ा है। इस अभियान में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी का निर्वहन कर परिसर को कचरा मुक्त बनाने का संकल्प लिया है।

स्वैच्छिक श्रमदान में कुलसचिव उमानाथ, मुख्य नियंता प्रो0 अजय प्रताप सिंह, प्रो0 अशोक शुक्ल, प्रो0 चयन कुमार मिश्र, प्रो0 एसएस मिश्र, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 के0के वर्मा, प्रो0 नीलम पाठक, प्रो0 आरके सिंह, प्रो0 फारूख जमाल, प्रो0 विनोद श्रीवास्तव, स्वच्छता प्रभारी डॉ0 विनोद चैधरी, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, प्रो0 अनूप कुमार, प्रो0 रमापति मिश्र, प्रो0 गंगा राम मिश्र, डॉ0 नरेश चैधरी, डॉ0 गीतिका श्रीवास्तव, डॉ0 नीलम सिंह, डॉ0 शशि सिंह, डॉ0 दीपशिखा चैधरी, डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ0 राजेश सिंह कुशवाहा, डॉ0 अनुराग पाण्डेय, डॉ0 त्रिलोकी यादव, डॉ0 अर्जुन सिंह, डॉ0 अंशुमान पाठक, डॉ0 महेन्द्र पाल, डॉ0 आशुतोष पाण्डेय, डॉ0 श्रीश अस्थाना, उपस्थित रहे।

त्रिगुट समाचार, गोण्डा

दिनांक: 10 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्या: 02

# विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर बैक पेपर परीक्षा शुरू

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के निर्देश पर बैक पेपर परीक्षा 2020 आज 09 जनवरी, 2021 को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर प्रारम्भ हुई। परीक्षा को शुचिता के साथ सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा तीन सचल दल नियुक्त किये गये। सम्बद्ध जिलों में बैक पेपर परीक्षा कुल 21 केन्द्रों पर हो रही है जिसमें अयोध्या के तीन, अम्बेडकर नगर के पांच, गोण्डा के दो, बलरामपुर के एक, बहराइच एक, बाराबंकी दो, सुल्तानपुर पांच, अमेठी एक और प्रतापगढ के एक महाविद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाया गया। परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी कैमरे द्वारा की जा रही है। इस परीक्षा में 20 हजार परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के निर्देश पर बैक पेपर परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए निर्धारित परीक्षा केन्द्रों को कोविड-19 के प्रोटोकाल के तहत निर्देश प्रदान कर दिया गया है। सचल द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा हो रही है। यह परीक्षा 05 फरवरी, 2021 तक चलेगी।